भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2352**
13 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

**निर्माणाधीन खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर**

**2352. श्री चंदन चौहान:**
**श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** उत्तर प्रदेश के बिजनौर और आंध्र प्रदेश के बापतला सहित संपूर्ण देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रस्तावित, निर्माणाधीन और कार्यरत खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टरों, क्षेत्रों और पार्कों की सूची के बारे में ब्यौरा क्या है;

**(ख)** सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टरों, पार्कों और क्षेत्रों की संख्या और उनके उत्पादन की मात्रा/गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवंटित और उपयोग की गई कुल निधि का बिजनौर और बापतला सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टरों, पार्कों और क्षेत्रों के विकास के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है, यदि हां, तो बिजनौर और बापतला सहित राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(घ)** बिजनौर और बापतला सहित संपूर्ण देश में मिलेट आधारित उत्पादन और मुर्गीपालन उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने वाले खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टरों, पार्कों और क्षेत्रों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत एक उप-योजना, कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण की योजना को लागू कर रहा है। एपीसी योजना का उद्देश्य आधुनिक बुनियादी ढांचे और सामान्य सुविधाओं का विकास करना है, ताकि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से उत्पादकों/किसानों के समूहों को प्रसंस्करणकर्ताओं और बाजारों से जोड़कर क्लस्टर दृष्टिकोण के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए उद्यमियों के समूह को प्रोत्साहित किया जा सके। ये क्लस्टर अधिशेष उपज की बर्बादी को कम करने और बागवानी/कृषि उपज

के मूल्य संवर्धन में मदद करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा होंगे।

ए.पी.सी. योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के बिजनौर तथा आंध्र प्रदेश के बापतला में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। हालांकि, देश भर में पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्माणाधीन तथा क्रियाशील खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टरों की सूची का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(ख)** पिछले पांच वर्षों के दौरान एपीसी योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

*करोड़ रूपये में*

| वित्तीय वर्ष | बजट अनुमान | संशोधित अनुमान | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|
| **2019-20** | 48.75 | 50.14 | 43.83 |
| **2020-21** | 65 | 56.69 | 48.4651 |
| **2021-22** | 37.5 | 53.9 | 49.08 |
| **2022-23** | 48.45 | 56.55 | 46.82 |
| **2023-24** | 81.3 | 51.016 | 39.36 |

**(ग) और (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में स्वयं कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) स्थापित नहीं करता है। एपीसी योजना मांग आधारित योजना है और यह राज्य/जिला विशिष्ट नहीं है। एपीसी योजना के तहत समय-समय पर उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से निधियों की उपलब्धता के अनुसार अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। इस योजना के तहत कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है और एपीसी योजना के तहत मिलेट आधारित उत्पादन और पोल्ट्री उत्पादों के लिए कोई विशिष्ट पार्क स्थापित नहीं किए गए हैं।

*****

**अनुबंध**

**13 मार्च 2025 को उत्तर हेतु "निर्माणाधीन खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2352 के उत्तर के भाग (क) और भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों सहित कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र. सं. | राज्य | ज़िला | परियोजना का नाम | अनुमोदन का दिनांक | परियोजना लागत | स्वीकृत अनुदान | कुल जारी अनुदान | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **वित्तीय वर्ष: 2019-20** | | | | | | | | |
| 1 | गुजरात | कच्छ | मेसर्स पटेल रिटेल प्राइवेट लिमिटेड | 7/2/2019 | 13.7 | 4.36 | 3.9814 | प्रचालित |
| 2. | हरियाणा | हिसार | मेसर्स श्री श्याम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड | 18/02/2019 | 10.26 | 3.03 | 2.1688 | प्रचालित |
| 3 | बिहार | बेगूसराय | मेसर्स श्रीकांगन फूड पार्क | 15/03/2019 | 30.434 | 7.9081 | 2.4911 | जारी |
| 4 | कर्नाटक | देवनगरी | मेसर्स जेम फूड पार्क एलएलपी | 15/03/2019 | 40.01 | 9.77 | 6.92565 | प्रचालित |
| 5 | पंजाब | जालंधर | मेसर्स एसएमएस फूड पार्क | 15/03/2019 | 15.197 | 4.6877 | 3.19425 | जारी |
| 6 | गुजरात | नवसारी | मेसर्स जेआर फूड्स एंड बेवरेजेस | 1/7/2019 | 30.158 | 8.75 | 6.13495 | प्रचालित |
| 7 | पंजाब | फिरोजपुर | मेसर्स टीआर मेगा फूड्स एंड बेवरेजेस एलएलपी | 3/7/2019 | 27.44 | 6.7598 | 5.1452 | प्रचालित |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | महाराष्ट्र | नंदुरबार | मेसर्स रेवा तापी वैली औद्योगिक विकास | 1/8/2019 | 27.06 | 10 | 6.75 | जारी |
| 9 | तमिलनाडु | कोयंबटूर | मेसर्स जेएफके इंटरनेशनल | 1/8/2019 | 16.71 | 4.1921 | 2.8566 | प्रचालित |
| 10 | असम | कामरूप (ग्रामीण) | मेसर्स शुभ करण फूड पार्क | 3/10/2019 | 22.513 | 10 | 7.2945 | जारी |
| 11 | केरल | वायनाड | मेसर्स चेंदयाद ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड | 3/10/2019 | 29.5 | 9.9706 | 8.824 | प्रचालित |
| 12 | तमिलनाडु | तिरुपूर | मेसर्स पी दुरैसामी महाराजा राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड | 3/10/2019 | 25.06 | 8.1502 | 6.2284 | जारी |
| 13 | असम | तिनसुकिया | मेसर्स जय श्री कृष्णा डेवलपर्स | 3/12/2019 | 19.117 | 8.7268 | 6.04763 | जारी |
| 14 | असम | सोनितपुर | मेसर्स सुरिंदरा एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर | 9/1/2020 | 20.536 | 9.1446 | 7.6716 | प्रचालित |
| **वित्तीय वर्ष: 2020-21** | | | | | | | | |
| 15 | तमिलनाडु | तिरुवन्नामलाई | मैसर्स तिरुवन्नामलाई मार्केट कमेटी | 29/04/2020 | 25.506 | 5.7487 | 1.81084 | जारी |
| 16 | तमिलनाडु | सेलम | मेसर्स सेलम मार्केट कमेटी | 29/04/2020 | 25.252 | 5.9753 | 1.88222 | जारी |
| 17 | तमिलनाडु | थेनी | मेसर्स थेनी मार्केट कमेटी | 29/04/2020 | 26.308 | 5.9955 | 1.88858 | जारी |
| 18 | तमिलनाडु | कृष्णागिरी | मैसर्स धर्मपुरी बाजार समिति | 29/04/2020 | 26.826 | 5.8937 | 1.85651 | जारी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | तमिलनाडु | मदुरै | मेसर्स मदुरै मार्केट कमेटी | 29/04/2020 | 32.066 | 5.7912 | 1.82423 | जारी |
| 20 | तमिलनाडु | डिंडीगुल | मेसर्स डिंडीगुल मार्केट कमेटी | 29/04/2020 | 29.018 | 6.7357 | 2.12174 | जारी |
| 21 | तमिलनाडु | कुड्डालोर | मेसर्स कुड्डालोर मार्केट कमेटी | 29/04/2020 | 25.002 | 5.9793 | 1.88348 | जारी |
| 22 | तेलंगाना | सिद्दीपेट | मेसर्स काकुमानु सीड्स | 29/04/2020 | 39.8 | 7.4333 | 5.0243 | जारी |
| 23 | केरल | एर्नाकुलम | मेसर्स सिंथाइट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | 30/04/2020 | 42.222 | 9.0504 | 8.37561 | प्रचालित |
| 24 | गुजरात | भावनगर | मेसर्स महाराजा डिहाइड्रेशन प्राइवेट लिमिटेड | 8/6/2020 | 16.11 | 4.31 | 3.08237 | प्रचालित |
| 25 | तमिलनाडु | पुदुक्कोट्टई, | मेसर्स डेल्टा फूड्स | 8/6/2020 | 24.3125 | 7.472 | 5.25282 | प्रचालित |
| 26 | मध्य प्रदेश | धार | मेसर्स प्रशून फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | 24/12/2020 | 23.6 | 9.8655 | 6.65921 | जारी |
| 27 | महाराष्ट्र | सतारा | मेसर्स प्रवीण मसालेवाले | 24/12/2020 | 64.69 | 10 | 6.75 | जारी |
| 28 | कर्नाटक | उडुपी | मेसर्स उडुपी फूड पार्क | 16/03/2021 | 16.08 | 5.23 | 3.7516 | जारी |
| 29 | महाराष्ट्र | वाशिम | मेसर्स बाहेती कृषी समुहा एलएलपी | 16/03/2021 | 12.544 | 2.8496 | 1.9976 | जारी |
| 30 | असम | मोरीगांव | मेसर्स साल्ट रेंज एग्री सॉल्यूशंस एलएलपी | 17/03/2021 | 23.0664 | 9.8947 | 3.11683 | जारी |
| 31 | असम | दरांग | मेसर्स सुमित्रा एग्रो फूड पार्क | 30/03/2021 | 19.4408 | 7.5911 | 5.6101 | जारी |
| **वित्तीय वर्ष: 2021-22** | | | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | महाराष्ट्र | बीड, | मेसर्स चिंतेश्वर एग्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड | 17/11/2021 | 22.504 | 8.2796 | 5.656336 | जारी |
| 33 | तमिलनाडु | इरोड | मेसर्स वामसी आरएस औद्योगिक क्षेत्र | 17/11/2021 | 33.167 | 9.1351 | 0 | जारी |
| **वित्तीय वर्ष: 2022-23** | | | | | | | | |
| 34 | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर | मेसर्स चरण बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 29.003 | 9.8752 | 0 | जारी |
| 35 | आंध्र प्रदेश | एनटीआर | मेसर्स गामा बायोटेक फार्म्स | 10/11/2022 | 28.06 | 9.433 | 0 | जारी |
| 36 | असम | कामरूप | मेसर्स नेज़ोन फूड्स | 10/11/2022 | 25.546 | 10 | 0 | जारी |
| 37 | असम | नगांव | मेसर्स प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 25.877 | 10 | 0 | जारी |
| 38 | हरियाणा | रेवाड़ी | मेसर्स अनंत राज लिमिटेड | 10/11/2022 | 37.678 | 10 | 0 | जारी |
| 39 | कर्नाटक | कोप्पल | मेसर्स श्री लक्ष्मीबालाजी एग्रो पार्क प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 36.34 | 10 | 0 | जारी |
| 40 | मध्य प्रदेश | इंदौर | मेसर्स इंदौर फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 39.862 | 10 | 0 | जारी |
| 41 | महाराष्ट्र | पुणे | मेसर्स वर्षा एग्रो | 10/11/2022 | 40.67 | 10 | 0 | जारी |
| 42 | महाराष्ट्र | भण्डरा | मेसर्स दिव्यांश एग्रो एंड फूड पार्क | 10/11/2022 | 26.652 | 10 | 0 | जारी |
| 43 | ओडिशा | नबरंगपुर | मेसर्स विजय नगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 50.524 | 10 | 3.33 | जारी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | राजस्थान | जालौर | मेसर्स गरुड़ अर्बन रेमेडीज लिमिटेड | 10/11/2022 | 38.65 | 10 | 3.33 | जारी |
| 45 | राजस्थान | जयपुर | मेसर्स ग्रेटेक एग्रो प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 35.143 | 10 | 0 | जारी |
| 46 | राजस्थान | भीलवाड़ा | मेसर्स लैंडमार्क एग्रो | 10/11/2022 | 40.046 | 10 | 0 | जारी |
| 47 | तेलंगाना | सिद्दीपेट | मेसर्स महादेवी एग्रो मिल्स प्राइवेट लिमिटेड | 10/11/2022 | 44.48 | 10 | 6.6666 | जारी |
| 48 | तेलंगाना | नलगोंडा | मेसर्स गायत्री एग्रो इंडस्ट्रियल पावर लिमिटेड | 10/11/2022 | 23.393 | 5.8254 | 3.8836 | जारी |
| **वित्तीय वर्ष: 2023-24** | | | | | | | | |
| 49 | आंध्र प्रदेश | एलुरु | मेसर्स रमनसिंह ग्लोबल फूड पार्क | 20/11/2023 | 25.85 | 10 | 0 | जारी |
| 50 | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर | मेसर्स एमआर एग्रोटेक इंडस्ट्रीज | 20/11/2023 | 28.76 | 10 | 0 | जारी |
| 51 | असम | कछार | मेसर्स के डी एग्रो इंडस्ट्रीज | 20/11/2023 | 27.24 | 10 | 0 | जारी |
| 52 | महाराष्ट्र | सोलापुर | मेसर्स आर्या फूड एंड अदर प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग यूनिट | 20/11/2023 | 28.545 | 10 | 0 | जारी |
| 53 | राजस्थान | टोंक | मेसर्स ग्रीनफील्ड्स एग्रो पार्क | 20/11/2023 | 23.21 | 8.6411 | 2.88 | जारी |
| 54 | तेलंगाना | सिद्दीपेट | मेसर्स राजेंद्र फीड्स एलएलपी | 20/11/2023 | 44 | 10 | 0 | जारी |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | आंध्र प्रदेश | पूर्वी गोदावरी | मेसर्स श्री ललिता एंटरप्राइजेज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | 28/02/2024 | 48.66 | 10 | 0 | जारी |
| 56 | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम | मेसर्स आलमंधा फूड पार्क | 28/02/2024 | 20.78 | 10 | 0 | जारी |
| 57 | छत्तीसगढ | बेमेतरा | मेसर्स के के एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड | 28/02/2024 | 68.866 | 10 | 0 | जारी |
| 58 | हिमाचल प्रदेश | सोलन | मेसर्स एपीजी फूड्स डिवीजन प्राइवेट लिमिटेड | 28/02/2024 | 22.664 | 10 | 0 | जारी |
| 59 | महाराष्ट्र | नागपुर | मेसर्स हरशिव हेल्दी फूड्स एंड मोर प्राइवेट लिमिटेड | 28/02/2024 | 39.32 | 10 | 0 | जारी |
| 60 | तमिलनाडु | तिरुवल्लुर | मेसर्स इंटीग्रेटेड सर्विस पॉइंट प्राइवेट लिमिटेड | 28/02/2024 | 42.635 | 10 | 0 | जारी |
| 61 | तेलंगाना | रंगा रेड्डी | मेसर्स जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड | 28/02/2024 | 217.78 | 10 | 0 | जारी |

*****